संख्या-4/2018/ 1004/90-सं0शि0प0का0/2018-12 (सामान्य) /2018

प्रेषक,

डा0 अनूप चन्द्र पाण्डेय,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- **समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,**
उत्तर प्रदेश शासन।

2- **समस्त विभागाध्यक्ष/प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,**
उत्तर प्रदेश।

3- **समस्त मण्डलायुक्त,**
उत्तर प्रदेश।

4- **समस्त जिलाधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

संसदीय शिष्टाचार/पत्राचार कार्यान्वयन अनुभाग **लखनऊः दिनांक 19 सितम्बर, 2018**

विषय-उ0प्र0 विधान सभा/विधान परिषद् के मा0 सदस्य गण को अपने गृह जनपद से बाहर जाने पर प्रदेश के अन्य जनपदों के सरकारी अतिथि गृहों में ठहरने की सुविधा प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

शासन के संज्ञान में आया है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा/विधान परिषद् के मा0 सदस्य गण जब किसी कार्यवश दूसरे जनपद में जाते हैं और लोक निर्माण विभाग अथवा अन्य विभागों के सरकारी अतिथि गृहों पर जिलाधिकारी एवं अतिथि गृह से सम्बन्धित अधिकारियों के फोन नम्बर/मोबाइल नम्बर प्रदर्शित न होने के कारण उन्हें कक्ष आवंटित नहीं हो पाता है तथा रात्रि विश्राम में कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 विधायक गण की उपर्युक्त समस्याओं के दृष्टिगत शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त सर्किट हाउस एवं शासन द्वारा प्रख्यापित नियमावली से आच्छादित अतिथि- गृहों के अतिरिक्त शेष समस्त सरकारी अतिथि गृहों के सम्बन्ध में निम्नवत् निर्णय लिया गया है :-

(क) विभागों के नियंत्रणाधीन अतिथि गृहों पर जिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों के फोन नम्बर/मोबाइल नम्बर अंकित एवं प्रदर्शित किये जायें।

(ख) आवंटन पंजिका अतिथि गृहों पर अवलोकनार्थ उपलब्ध रखी जाय।

(ग) मा0 विधायक गण द्वारा परिचय-पत्र दिखाये जाने पर निर्धारित शर्तों के आधार पर कक्ष के रिक्त होने की दशा में एक कक्ष उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये।

अनुरोध है कि कृपया शासन के उक्त निर्णय के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

डा0 अनूप चन्द्र पाण्डेय

shasanadesh.nic.in

मुख्य सचिव।

क्रमशः पृष्ठ-2

संख्या-4/2018/1004(1)/90-सं0शि0प0का0/2018-12(सामान्य)/2018 तददिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित:-

1- प्रमुख सचिव, विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

2- प्रमुख सचिव, विधान परिषद्, उत्तर प्रदेश।

3- उ0प्र0 सचिवालय के समस्त अनुभाग।

4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

सुरेश कुमार गुप्ता
प्रमुख सचिव।

shasanadesh.nic.in